आदर्श उत्तर - द्वितीय प्रश्न पत्र

प्रश्नक कोड- 8/2605 विषय- सामाजिक अध्ययन - विषयकोड- 0803

पूर्णांक-80

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न1 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

उत्तर

1- ब

2- स

3- अ

4- ब

5- स

6- स

7- स

8- ब

9- ब

10 ब

प्रश्न-2 सही जोड़ी बनाइये -

उ०

1	अलीवर्दी खाँ —	बंगाल का नबाब
2	बक्सर का युद्ध —	1764
3	वयस्क मताधिकार —	18 वर्ष
4	भू- पर्पटी —	पृथ्वी की उत्तरी परत
5	नर्मदा नदी —	ज्वारनदमुख

प्रश्न3 रिक्त स्थानों की पूर्ति

उ०

1- भारत में शिक्षा के क्षेत्र में पश्चिमी शिक्षा का समर्थन राजाराम राय के द्वारा किया।

2- संविधान में 6 मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है।

3- भारतीय संविधान का जनक डॉ. भीमराव अम्बेडकर को कहा जाता है।

4- विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है।

5- भारत में सर्वाधिक वन मध्यप्रदेश मे पाये जाते हैं।

प्रश्न-4 अति लघु प्रश्न

उ०

1- मानव निर्मित संसाधन - इमारतें, मशीनें, सड़के, पुल, वाहन
प्राकृतिक संसाधन - पर्वत, वन, नदियाँ, जल, भूमि

2- मृदा परिच्छेदिका का ऊपरी भाग सबसे महत्वपूर्ण होता है। जिसमें ह्यूमस और उसके नीचे जैव तत्वों की प्रधानता होती है।

3- भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लेने वाले गरमदल के नेता थे - लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और विपिन चन्द्र पाल।

4- आदिवासी भारत के मूल निवासी है, जो सदियों से जंगलों, पहाड़ो और प्राकृतिक परिवेश में निवास करते आये है।

5- जनसंख्या घनत्व किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र (जैसे प्रति वर्ग किलोमीटर) में रहने वाले लोगों की औसत संख्या है।

प्रश्न-5 लघुउत्तरीय प्रश्न

उ०

1- धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है राज्य या सरकार का धर्म के मामलों में तटस्थ होना, अर्थात राज्य का कोई अधिकारिक धर्म न होना और सभी धर्मों को समान समझना।

2- स्थानांतरित कृषि एक आदिम कृषि पद्धति है, जिसमें वनों के एक छोटे टुकड़े को काटकर और जलाकर खेती के लिये साफ किया जाता है।

3- रामकृष्ण मिशन के उद्देश्य

1) इस मिशन का प्रमुख उद्देश्य राष्ट्रवाद को अध्यात्म की अच्छाईयों से जोक जोड़कर समाज सेवा करना था।

2) रामकृष्ण मिशन ने सभी धर्मों व पूजा पद्धतियों को आदर भाव से देखा तथा सभी की आस्थाओं का सम्मान किया।

4- किसानो की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये सन 1998-99 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना विभिन्न बैंकों के माध्यम से प्रारंभ की गई। किसान को भी बीमा लाभ की सुविधा प्रदान की जाती है।

5- संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंग है —

1) महासभा
2) सुरक्षा परिषद
3) आर्थिक और सामाजिक परिषद
4) न्यास परिषद
5) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
6) संयुक्त राष्ट्र सचिवालय

प्रश्न6 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

01 स्वराज दल की स्थापना 1 जनवरी 1923 को हुई थी। इस दल की स्थापना मुख्य रूप से देशबंधु चितरंजनदास (अध्यक्ष) और मोतीलाल नेहरू (सचिव) द्वारा की गई थी इस दल के मुख्य उद्देश्य —

1) स्वराज्य प्राप्त करना।
2) सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करना।
3) अंग्रेजो की नीतियों का विरोध करना
4) राष्ट्रीय चेतना का विकास करना।
5) चुनाव लड़कर कौंसिलों में प्रवेश करना।

02 भारत छोड़ो आन्दोलन जिसे अगस्त क्रांति भी कहा जाता है। 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक निर्णायक और अंतिम बड़ा जन आन्दोलन था। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद, गांधी जी ने मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान से ब्रिटिश शासन को तुरन्त समाप्त करने की मांग करते हुये "करो या मरो" का नारा दिया।

03 अंग्रेजो ने आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में अपने स्तर पर शुरुआत की। सन 1781 में कलकत्ता मदरसा की स्थापना की गई। इसमें अरबी और फारसी की शिक्षा दी जाती थी। इसी क्रम में 1784 ई० सर विलियम जोंस ने एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल की स्थापना की इसके माध्यम से प्राचीन भारत और संस्कृति के अध्ययन के लिये महत्वपूर्ण प्रयास किये गए। वाराणसी में संस्कृत कालेज की स्थापना की। परिणाम के तहत- मध्यम वर्ग का उदय, सामाजिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्वतन्त्रता में सहायक, रोजगार- उन्मुख था।

04 भारत में राष्ट्रीय एकता के मार्ग मे सबसे बड़े बाधक तत्व सांप्रदायिकता, जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद है। ये कारक धार्मिक सामाजिक क्षेत्रीय और भाषाई आधार पर विभाजन पैदा करके, राष्ट्र के साझा उद्देश्यो और एकता को कमजोर करते है। इसके अलावा, आर्थिक असमानता, गरीबी और असमान विकास नीतियां भी असंतोष उत्पन्न करती है।

नीलम सानी
माध्यमिक शिक्षक